## सार-समाचार

### अधिशाषी अभियन्ता को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों ने पेयजल की मांग की



**नोहर, (निसं)।** ग्राम पंचायत बिरकाली के प्रशासक भंवरलाल मेघवाल के नेतृत्व मे ग्रामीणो ने गुरुवार को अधिशाषी अभियन्ता आपणी योजना जल एंव स्वास्थ्य खण्ड (गधेली) नोहर को ज्ञापन सोपंकर गाँव में पेयजल की समस्या का समाधान करवाने की मांग की है । ज्ञापन मे बताया है कि ग्राम पंचायत बिरकाली की पेयजल टंकी पूर्ण रूप से नहीं भरी जा रही है । जिसके कारण बिरकाली व पड़ौसी 6-7 गांवों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है जिससे बिरकाली व आस-पास के गांवों में पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है। क्योंकि 13 कि.मी. डेम से नहर बंदी के कारण बिरकाली में टंकी से केवल 6-7 घण्टे ही निम्न स्तरीय पानी दिया जा रहा है 6-7 घण्टो की सप्लाई से गांवों में 25 बालों में समान रूप से पूर्ति नहीं हो रहा है। बिरकाली गांव को अन्य गांवो के साथ सप्लाई न दिया जाकर, बिरकाली गांव को अगले दिन पानी दिया जाये।

### राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**नोहर, (निसं)।** स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 2 में गुरुवार को प्रवेश उत्सव अभियान के अंतर्गत प्रधानाचार्य श्रीमती आरती कौशिक की अध्यक्षता मे एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद बेनीवाल, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् मंगल चंद पण्डा एव कृष्ण कुमार ढाका थे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना उपरांत आए हुए सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में संस्था प्रधान आरती कौशिक द्वारा नवप्रवेशी 21 बच्चों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद बेनीवाल द्वारा विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा विद्यालय व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी बच्चों व आए हुए अभिभावकों को दी गयी। शिक्षाविद् मंगल चंद पण्डा व कृष्ण कुमार ढाका ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को आशीर्वाद वचन कहे। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक प्रकाश चंद्र कस्वां ने पदोन्नित उपरांत प्राध्यापक पद पर कार्य ग्रहण किया समस्त स्टाफ सदस्य व अतिथियों ने प्रकाश चंद्र कस्वां को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर सीबीईओ स्टाफ सदस्य जयदीप, विद्यालय स्टाफ सज्जन कुमार, कमल कुमार छींपा, आशीष छींपा, कल्पना, निर्मला, सुलोचना आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन अध्यापक राजकुमार ज्ञानाणी ने किया।

### दूषित जलापूर्ति की समस्या का समाधान

**सीकर, (निसं)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत्त सीकर के अधिशाषी अभियंता रामकुमार चाहिल ने बताया कि राजस्थान पत्रिका के 16 अप्रैल 2026 के अंक में प्रकाशित समाचार "जलदाय विभाग के दावे फेल, गंदे पानी की सप्लाई पीना तो दूर छूना मुश्किल" के संदर्भ में विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीकर शहर के आनंद नगर, नवलगढ रोड, कोर्ट तिराहा के पास नवनिर्मित पुलिया क्षेत्र में विभाग की पुरानी पाइपलाइन थी, जो पुलिया निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके कारण इस क्षेत्र में बुलबुलायुक्त एवं दूषित पानी की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। समस्या के समाधान के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं पीएचईडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नई 110 एमएम एचडीपीई पाइपलाइन लगभग 300 मीटर लंबाई में बिछाकर पुरानी पाइपलाइन से जोडा गया। यह कार्य 20 अप्रैल 2026 को पूर्ण कर लिया गया। इसके उपरांत 21 अप्रैल 2026 को विभागीय टीम द्वारा घर-घर जाकर पेयजल की जांच की गई तथा क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई। जिला कलेक्टर आशीष मोदी के निर्देशन में अधिशाषी अभियंता रामकुमार चाहिल, सहायक अभियंता किरण तथा कनिष्ठ अभियंता हरिराम के नेतृत्व में यह कार्य युद्धस्तर पर संपादित किया गया, जिससे आनंद नगर क्षेत्र के निवासियों की शिकायतों का निस्तारण कर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

### पंचायत समिति मार्ग पर अमानक निर्माण की चर्चा जोरों पर

**नोहर, (निसं)।** यहां पंचायत समिति मार्ग पर पराजित रहे भाजपा प्रत्याशी अभिषेक मटोरिया ने कांग्रेस राज मे अपनें दिवंगत पिता स्व. रामचंद्र मटोरिया की स्मृति में लाखों रुपये की लागत से मार्ग का निर्माण करवाया था। जिसकी उस समय किसी ने सुध नहीं ली। लेकिन अब भाजपा के राज में जब मार्ग का सौंदर्याकरण किया जा रहा है। तब उसमें ठेकेदार द्वारा सरेआम जमकर घटिया निर्माण किया जा रहा है। पुराने डिवाइडर पर गुणवत्ताहीन रूप से टाइल्स लगाई जा रही है। जो लगाने के एक-दो रोज में ही अपने आप से ही गिर रही है। ऐसी औपचारिकता ने निर्माण कार्यों को कटघरे में ला खड़ा किया है। ऐसा नहीं है कि ठेकेदार को इसके लिए टोका नहीं गया। लेकिन आमजन के टोकने के बाद भी इस मार्ग पर घटिया निर्माण का दौर अनवरत जारी है। न तराई हो रही, न पुराने डिवाईडर को सही कर उस पर अच्छे से सिमेंट लगाकर टाइल्स चिपकाई जा रही। यानी सब कुछ औपचारिकता। अब उतर रही टाईल्स पर पेच लगाये गये है। जागरूक नागरिको के अनुसार जब राज के लोगों के साथ ही ऐसा हो रहा है तो अन्य के साथ क्या होगा। ये बात नगरपालिका प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**चूरू (निसं)।** वन विभाग की ओर से नेचर पार्क में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप वन संरक्षक भवानी सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप वन संरक्षक भवानी सिंह ने वृक्षारोपण कर किया। इस अवसर पर उप वन संरक्षक ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य अपने स्वार्थों के कारण अंधाधुंध पेड़ों की कटाई कर रहा है, जिससे आज वर्तमान में बढ़ते तापमान को कम करने के लिये पौधें बहुत जरूरी हैं, क्योंकि पौधों के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आगामी मानसून में प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाएं, जिससे पर्यावरण को संतुलित किया जा सके और वन तथा वन्य जीवों का संरक्षण हो सके। उप वन संरक्षक ने बताया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम हमारी शक्ति हमारा गृह है। थीम की जानकारी देते हुए उन्होंने नवीनीकरण ऊर्जा के स्त्रोतों के उपयोग पर बल दिया। इस अवसर पर सहायक वन संरक्षक महेन्द्र लेखला, मनीष पुनिया व क्षेत्रीय वन अधिकारी पवन कुमार शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

### शगुन में एक रूपया लिया

**सीकर (निसं)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम सिंहासन के मूल निवासी एवं राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने अपने पुत्र अनुज शर्मा का शुभ विवाह नागौर जिले के ग्राम निमोद निवासी स्वर्गीय गिरधारी लाल शर्मा की सुपुत्री प्रीति के साथ किया। सामाजिक सरोकार एवं समाज मे दहेज प्रथा को समाप्त करने की मंशा से वधु पक्ष से शगुन के रूप मे सिर्फ एक रूपया लेकर शादी संपन्न करवायी। समाज मे यत्र तत्र सर्वत्र वर पक्ष के इस निर्णय की सराहना की जा रही है। विवाह समारोह मे श्री रघुनाथजी मंदिर, लक्ष्मणगढ के महंत श्री अशोक शर्मा,डाक्टर कैलाश पाटोदा मुन्ना लाल गौङ,वरिष्ठ पत्रकार जय प्रकाश ऋषिका, राजेन्द्र शर्मा, संजय शर्मा,परिवार जनो सहित ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**सीकर, (निसं)।** विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता (सीएसडी-2) महेन्द्र कुमार महिचा ने बताया कि 33/11 के.वी. नेहरू पार्क जीएसएस पर आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 24 अप्रैल 2026 को संबंधित फीडरों की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि सालासर रोड, महादेव कॉलोनी एवं छोटू भारती फीडर क्षेत्र में प्रातः 7:30 बजे से प्रातः 11:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# स्कूली शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर का हनुमानगढ़ दौरा, स्कूलों का निरीक्षण किया

- सरकारी स्कूलों का स्तर सुधरा, निजी स्कूलों से बेहतर परिणाम : दिलावर
- अयालकी में 4.5 करोड़ रुपए की लागत के बनने वाले स्कूल भवन का शिलान्यास और भूमि पूजन



शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्कूल का निरीक्षण किया।

**हनुमानगढ़, (निसं)।** शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर हनुमानगढ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया तथा महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अयालकी में 4.5 करोड रुपए की लागत से बनने वाले नए भवन का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया।

मंत्री ने ग्राम पंचायत बनवाला स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सवाल-जवाब किए तथा प्रिंसिपल से नामांकन और नव प्रवेश को लेकर जानकारी ली। साथ ही स्कूल परिसर में साफ-सफाई और पिंक टॉयलेट की स्थिति का भी जायजा लिया।

इसके बाद मंत्री ने पक्का भादवा में महिला सफाईकर्मियों से संवाद कर सफाई व्यवस्था और उन्हें मिलने वाले वेतन आदि के बारे में जानकारी ली। सरकारी स्कूलों का स्तर सुधरा, निजी स्कूलों से बेहतर परिणाम अयालकी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दिलावर ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है और इस वर्ष निजी स्कूलों से भी आगे निकला है।

12वीं कक्षा का सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों की तुलना में 2.3 फीसदी अधिक रहा है। इस मौके पर उन्होंने टॉपर्स नव्या मीणा, सोनू इत्यादि का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले जहां किताबें देर से मिलती थीं, अब सत्र के पहले दिन ही विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध हो रही हैं। ड्रेस का पैसा सीधे खातों में दिया जा रहा है, बालिकाओं को साइकिल, टैबलेट और स्कूटी जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं। उन्होंने शिक्षकों को अधिक मेहनत करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी हैं। बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास परिवार और गुरुजनों से होता है। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि कक्षा में मोबाइल के उपयोग से पढ़ाई प्रभावित होती है, इसलिए शिक्षकों के लिए मोबाइल लेकर आने पर सख्ती की गई है और उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। रिजल्ट सुधार और जवाबदेही तय मंत्री दिलावर ने कहा कि अब केवल औपचारिक परिणाम नहीं, बल्कि वास्तविक गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है। यदि विद्यार्थियों के अंक कम आते हैं तो संबंधित शिक्षकों से जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में 12वीं कक्षा के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और कई जगह सरकारी स्कूलों ने निजी स्कूलों से बेहतर प्रदर्शन किया है। गांवों में भी शहर जैसी सुविधाओं पर जोर उन्होंने सरपंचों और अधिकारियों से गांवों में स्वच्छता, सड़क, स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के पैसे का उपयोग जनता के हित में होना चाहिए।

उन्होंने किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि का भी उल्लेख किया और शिक्षा को रोजगार से जोडने पर जोर दिया। पीएमश्री स्कूल गोलूवाला के नवाचारों की सराहना दौरे के दौरान मंत्री दिलावर ने गोलूवाला स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां स्मार्ट क्लासरूम, लैब, स्मार्ट अटेंडेंस सिस्टम और खेल सुविधाओं में किए गए नवाचारों की उन्होंने सराहना की। विद्यालय में पूर्व ने कार्यरत डीईओ मनोहरलाल बिशु तथा वर्तमान प्रधानाचार्य सुखदेव सिंह गोदारा की प्रशंसा की। इसके अलावा उन्होंने पीलीबंगा और लोंगेवाला क्षेत्र में स्वागत कार्यक्रमों में भी भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची, जनप्रतिनिधि अमित सहू, सुशील जोशी, हिमांशु महर्षि, जिला परिषद सीईओ ओपी बिश्नोई, एसडीएम उमा मित्तल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल कड़ेला सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### महनसरिया ने हज यात्री का स्वागत करके मक्का के लिए रवाना किया

**चुरू, (निसं)।** नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने आज अगुण मोहल्ला के हज यात्री इदरीश खान दौलत खानी का एक समारोह में फूल मालाओं से स्वागत करके मक्का मदीना के लिए रवाना किया। समारोह में महनसरिया ने हज यात्री इदरीश खान दौलत खानी से कहा कि आप मक्का मदीना में देश में अमन चौन बना रहे सब खुशहाल रहे की दुआ करके आना इस अवसर पर कायमखानी समाज के जिला अध्यक्ष मुंशीखा, पार्षद बाबू खान मंत्री, रिटायर्ड हेडमास्टर लियाकत खान मोइल, शिक्षाविद यूनुस खान, इदुखान फतेह खानी, व नवाब खान दौलत खानी सहित अनेक जन उपस्थित थे ने विदाई समारोह में भाग लेकर विदाई दी।

### भालेरी थाने में वाटर कूलर भेंट

**तारानगर (निसं)।** उप पुलिस अधीक्षक रोहित सांखला की प्रेरणा व काँस्टेबल श्रवण कुमार सैनी के आग्रह पर कस्बे के प्रॉपर्टी डीलर असगर अली टाक ने भीषण गर्मी को देखते हुए तारानगर क्षेत्र के भालेरी थाने में एक वाटर कूलर भेंट किया। थानाधिकारी मांगूराम ने बताया कि उक्त वाटर कूलर से थाना स्टाफ व आने वाले परिवादियों को ठंडा पानी मिलेगा एवं गर्मी से राहत मिलेगी। थानाधिकारी मांगूराम ने थाना स्टाफ की ओर से असगर टाक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सहायक उप निरीक्षक हरफुल सिँह, नागरमल, हैड काँस्टेबल सुभाष मीणा, काँस्टेबल रूपाराम, मुबारिक अली लुहार सहित थाना स्टाफ मौजूद रहे।

## बंडवा में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा आयोजित

**राजलदेसर (निसं)।** मदन दाधीच कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बंडवा में करीब सवा सौ वर्ष पुराने ठाकुर जी मंदिर का सवा करोड़ रुपये की लागत से भव्य जीर्णोद्धार किया गया। ग्रामवासियों ने तन, मन और धन से सहयोग कर मंदिर को नया और आकर्षक स्वरूप दिया।

गुरुवार को आचार्य पंडितों के सानिध्य में ठाकुर जी महाराज को विधि-विधान से मंदिर में विराजित किया गया तथा मंदिर परिसर में शिव दरबार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। यह धार्मिक आयोजन गुरुवार दोपहर 12:15 बजे आचार्य पंडितों के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, संत मोहननाथ महाराज, पूर्व प्रधान सरदारशहर भीकम सिंह राठौड़, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कल्याण सिंह शेखावत, मदन सिंह निर्वाण, बिनादेसर सरपंच प्रतिनिधि तुलसीराम शर्मा, समाजसेवी दामोदर शर्मा (छापर) व नत्थु सिंह मील सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करणी सिंह शेखावत ने की। कार्यक्रम से पूर्व मंदिर परिसर में 10 दिनों तक सात पंडितों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान आयोजित भव्य भजन संध्या में रामनिवास मारवाड़ी व स्थानीय कलाकारों ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। राधा कृष्ण एवं शिव भक्त सेवा संस्थान, बंडवा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का साफा, माला पहनाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि छोटे से गांव में इतना भव्य मंदिर बनना ग्रामवासियों की आस्था और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि धर्म के कार्यों में लगाया गया धन कभी व्यर्थ नहीं जाता, बल्कि परिवार में सुख-शांति और समृद्धि लाता है।ग्रामवासियों की मांग पर विधायक ने मंदिर परिसर के सामने कुआँ का सौंदर्यकरण कार्य विधायक कोटे से करवाने की घोषणा की और कहा कि प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें, तुरंत स्वीकृति दी जाएगी। साथ ही उन्होंने पेयजल सुविधा के लिए ट्यूबवेल निर्माण करवाने का भी आश्वासन दिया है। विधायक ने राजलदेसर से बंडवा सड़क निर्माण को लेकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए जल्द कार्य शुरू कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने 50 लाख रुपये की लागत से बने चिकित्सा भवन के शीघ्र उद्घाटन का आश्वासन दिया तथा राजकीय विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों की समस्या को शिक्षा मंत्री के समक्ष उठाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान संत मोहननाथ महाराज, भीकम सिंह राठौड़ व कल्याण सिंह शेखावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व विधायक अनिल शर्मा व उनकी टीम ने मंदिर में ठाकुर जी महाराज व शिव दरबार की पूजा-अर्चना कर देश में सुख-समृद्धि की कामना की।

## पुर्ननिर्मित तेरापंथ सभा भवन का लोकार्पण

- ज्ञान व सामाजिक गतिविधियों का बनेगा केंद्र

**चूरू, (निसं)।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के पुनर्निर्मित सभा भवन का लोकार्पण गुरुवार सुबह 6.30 बजे गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में जैन संस्कार विधि से सम्पन्न हुआ। साध्वी लक्ष्यप्रभा ने सहवर्ती साध्वियों के साथ पहुँचकर मंगलपाठ सुनाया।

इसके बाद सुबह 9 बजे साध्वी सेवा केंद्र मालू भवन में भव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए साध्वी लक्ष्यप्रभा ने कहा कि यह सभा भवन समाज के विकास, उत्थान और पुस्तकालय गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यहां निरंतर रचनात्मक गतिविधियां संचालित होती रहेंगी। साध्वी उन्नतप्रभा ने भी अपने विचार रखते हुए सभा भवन को ज्ञान और संस्कारों का केंद्र बनाने की प्रेरणा दी। साध्वी संपत प्रभा ने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत कांता जैन के मंगलाचरण से हुई। सभा मंत्री प्रदीप पुगलिया ने अतिथियों का स्वागत किया। भामाशाह परिवार की ओर से कोलकाता निवासी भीखमचंद पुगलिया रामजी ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। स्नेहलता पुगलिया ने विचार व्यक्त किये। जतन पारख ने युवाओं को आधुनिकता के साथ पुस्तकों से जुड़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सभा अध्यक्षा सुशीला सीता पुगलिया ने समाज के प्रति अपनी कटिबद्धता व्यक्त की। अणुव्रत समिति मंत्री एडवोकेट रणवीर सिंह खीची, तेरापंथ महिला मंडल सहमंत्री मंजू झाबक, नागरिक विकास परिषद अध्यक्ष तुलसीराम चौरडिया, तेयुप मंत्री पीयूष बोथरा, समाजसेविका झीणकार देवी बोथरा, महर्षि दयानंद सरस्वती छात्रावास विकास समिति के अध्यक्ष एडवोकेट श्याम आर्य, राष्ट्र भाषा हिंदी प्रचार समिति के अध्यक्ष साहित्यकार श्याम महर्षि, सभा भवन निर्माण कमेटी सदस्य भीकमचंद पुगलिया-जयपुर, पुगलिया परिवार से स्नेहलता पुगलिया, गौसेवा समिति के जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष सत्यनारायण स्वामी, विश्व हिंदू परिषद से मनीष नौलखा, श्री ओसवाल पंचायत की ओर से अशोक बैद ने भी अपने विचार व्यक्त किए और पुनर्निर्मित सभा भवन को आमजन के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा की ओर से भामाशाह परिवार सेठ स्व. बींजराज परतु देवी पुगलिया एवं भीखमचन्द रामजी-सुशीला सीता पुगलिया परिवार का अभिनंदन करते हुए उन्हें अभिनंदन पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन राजू हीरावत ने किया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता के. एल. जैन ने किया।

### परिण्डा अभियान का शुभारंभ

**रतनगढ़ (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ रतनगढ के सचिव राकेश कुमार ने बताया कि राज्य मुख्यालय की योजना के अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्थानीय संघ रतनगढ द्वारा परिण्डा अभियान का शुभारंभ मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पंचायत समिति रतनगढ में स्थानीय संघ के प्रधान संतोष कुमार इन्दौरिया के कर कमलों से परिण्डा लगाकर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर स्थानीय संघ के प्रभारी सहायक जिला आयुक्त स्काउट संदीप कुमार व्यास सीबीईओ रतनगढ ने बताया कि मुक पक्षियों के लिए इस भीषण गर्मी में पानी व दाने की व्यवस्था प्रत्येक विद्यालय में हो और स्थानीय संघ रतनगढ द्वारा रतनगढ तहसील परिक्षेत्र में 2100 परिण्डे लगाने का लक्ष्य लिया है।

## महिला आरक्षण विधेयक पर भाजपा पर भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप

**चूरू, (निसं)।** झुंझुनूं कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं मंडावा विधायक कुमारी रीटा चौधरी ने चूरू जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिला आरक्षण की समर्थक रही है। स्वर्गीय राजीव गांधी ने पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की थी। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने वर्ष 1990 में संसद में महिला आरक्षण विधेयक लाने का प्रयास किया था।

कुमारी रीटा चौधरी ने कहा कि वर्ष 2017 में सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की थी, लेकिन उस समय कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

उन्होंने एक वीडियो जारी कर लोकसभा और राज्यसभा में विधेयक पारित होने के दृश्य दिखाए और दावा किया कि इससे भाजपा द्वारा फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी का पर्दाफाश होता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 2024 के आम चुनाव नजदीक आने पर राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से सितंबर 2023 में महिला आरक्षण विधेयक लाया गया, जिसे दोनों सदनों में पारित किया गया। इस दौरान चूरू सांसद राहुल कसवां ने भी भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान में स्थानीय निकायों और पंचायतों में परिसीमन के नाम पर राजनीतिक हित साधे जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर केवल दिखावा कर रही है, जबकि कांग्रेस का इतिहास महिलाओं को अधिकार देने और उन्हें आगे बढ़ाने का रहा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश सचिव मुस्ताक खान, पूर्व सभापति पायल सैनी, जिला महिला कांग्रेस प्रभारी टीना शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, पार्षद अंजनी शर्मा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता कपूरिया, एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति, आरिफ पीथीसर, पुलकित चौधरी और गणेश लाटा सहित अन्य कार्यकर्ताओ ने मण्डावा विधायक रीटा चौधरी का सम्मान किया।

## ई-मित्र कियोस्क संचालक 3 वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट

**झुंझुनूं (निसं)।** उदयपुरवाटी क्षेत्र में ई-मित्र सेवाओं के दुरुपयोग का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी डॉ. अरुण गर्ग के निर्देश पर उदयपुरवाटी के ई-मित्र कियोस्क संचालक अनिल कुमार को 3 वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है।

जिला कलेक्टर ने बताया कि संबंधित कियोस्क संचालक द्वारा ई-मित्र पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र के आवेदन में जानबूझकर अनियमितताएं की गईं। जांच में सामने आया कि आवेदन फार्म में पटवारी एवं गवाह के जाली हस्ताक्षर किए गए, जो कि विभागीय दिशा-निर्देशों का गंभीर उल्लंघन है। इस कदाचार को सेवा स्तरीय अनुबंध ( एसएलए ) का उल्लंघन मानते हुए कियोस्क संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई है। इसके तहत अनिल कुमार को 3 वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट करने के साथ ही उसका आधार व जन आधार आईडी भी ब्लैकलिस्ट कर दी गई है। इसके अलावा प्रशासन ने यह भी निर्णय लिया है कि भविष्य में कियोस्क संचालक या उसके परिवार के किसी भी सदस्य को नया ई-मित्र कियोस्क खोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की सेवा लेते समय सतर्क रहें और अनियमितता की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

**नाम परिवर्तन** मैं, ममता (जन्म तिथि 08.08.1990), नरेंद्र कुमार की पत्नी, सेना रिकॉर्ड संख्या 3203962F, रैंक- हवलदार, नाम नरेंद्र कुमार, निवासी ग्राम- राघा बड़ी, तहसील- राजगढ़, जिला- चूरु, राज्य- राजस्थान, ने अपने पति के सेना सेवा रिकॉर्ड में गलत नाम दर्ज होने के कारण, शपथ पत्र संख्या CF 457847 दिनांक 22.04.2026 के माध्यम से अपना नाम (SMT. MAMTA) श्रीमती ममता से बदलकर (MAMTA) ममता कर लिया है।

## पांच दिवसीय परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ अभियान का शुभारंभ




राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में परिंडे लगाकर अभियान का शुभारम्भ किया।

**चूरू (निसं)।** इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से पांच दिवसीय परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ अभियान का शुभारम्भ गुरुवार को हुआ।

समिति के सदस्यों ने तारानगर रोड स्थित राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में परिंडे लगाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि अभियान के तहत शेखावाटी क्षेत्र के सभी शहरों, तहसीलों, कस्बों और गांवों में 511 परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए नियमित रूप से दाने-पानी की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर परिंडे लगाए जाएंगे, उनकी देखभाल की सम्पूर्ण जिम्मेदारी समिति के पदाधिकारियों की रहेगी।

उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को चाहिए कि अपने आसपास के पेड़ों पर परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करें। गौरतलब है कि समिति ने समय-समय इस प्रकार के नेक कार्य कर एक मिशाल पेश की है। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य अयूब खान चायल, मीडिया प्रभारी मो. अली पठान, महबूब खान, सुलेमान मनिहार, नियाज मोहम्मद, इमरान बी.खान, सिकंदर खान, रतनलाल, जावेद खान, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद सलीम, समीर मनीहार आदि मौजूद थे। व्यवस्थापक इंजी. जाफर खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़
क्रमांक :- न0पा0रा0/कृ0भू0/2026/ 21762351 दिनांक :-23.4.26
प्रारूप-10
नियम 6 (7) देखिए
लोक सूचना
श्री सलामुदीन पुत्र श्री अब्दुल खान जाति मुसलमान साकिन रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़(राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :- जिला हनुमानगढ तहसील रावतसर ग्राम का नाम राजस्व चक 8 केडब्ल्यूडी प.नं. 159/406(42) क्षेत्रफल किला नं. 11 की 0.2530हे0, 20 की 0.2530हे0, 21 की 0.2530हे0, कुल 0.7590हे0 यानि 7590 वर्गमीटर। इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी, (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)

कार्यालय ग्राम पंचायत राजपुरा पं.स. पाटन (सीकर)
क्रमांकः 25 दिनांकः 22/04/2026
ई-निविदा/खुली बोली सूचना- 01/2026-27
ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2026-27 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचांयतीराज विभाग (अनुभाग-5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक/फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो. से दिनांक 28.04.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली/ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN No. PKP2627WSRC00027
प्रशासक ग्राम पंचायत राजपुरा पं.स.पाटन (सीकर)
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत राजपुरा पं.स.पाटन (सीकर)